GRADE -X

SUB- HINDI

Time Allowed:3 hours

PRE BOARD - I

Max. Marks: 80

General Instruction:

( Answer to this paper must be written on the paper provided separately)
You will not allowed to write during the first 15 minutes.
This time is to be spent in reading the question paper.
This time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answer.

---

This paper comprises of two section- section A and section B .
Attempt all the questions from section A and B
The intended marks for questions or part of questions are given in bracket ( )

---

**SECTION A (Attempt all questions from this Section)**

**Q 1 Write a short composition in Hindi of approximately 250 words on any one of the following topics:**

निम्नालिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए: **[15]**

(i) वृक्ष प्रकृति के अनुसार उपहार हैं। ये हमारे परम मित्र हैं। वृक्षों के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष लाभों की चर्चा करते हुए वृक्षों की कटाई के कारण एवं दुष्टपरिणाम तथा वृक्ष रोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एक प्रस्ताव लिखिए।

(ii) अनुशासन राष्ट् की उन्नति का मूल आधार है। अनुशासन के अभाव में कोई भी देश पतन के गर्त में गिर जाता है। अनुशासन का अर्थ, प्रकार , महत्व एवं अनुशासनहीनता के कारणों एवं दुष्टप्रभावों की चर्चा करते हुए एक सारगर्भित प्रस्ताव लिखिए।

(iii) आज का जीवन विज्ञापनों से घिरा है। तरह –तरह के विज्ञापन जीवन के हर क्षेत्र में हमें प्रभवित करते हैं। 'विज्ञापनों का जीवन पर प्रभाव' विषय से संबंधित सभी बिंदुओं का उल्लेख करते हुए सारगर्भित प्रस्ताव लिखिए।

(vi) एक मौलिक कहानी लिखिए जिसका आधार हो–
'मधुर वचन है औषधि कटुक वचन है तीर'।

(v) नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर वर्णन कीजिए अथवा कहानी लिखिए जिसका सीधा और स्पष्ट वर्णन चित्र से होना चाहिए।



Downloaded From www.icseboard.org

**Q 2 Write a latter in Hindi of approximately 120 words on any one of the topics given below:** **[7]**

निम्नालिखित में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए:

(i) अपने छात्रावास के जीवन के संबंध में अपनी छोटी बहन को पत्र लिखिए।

(ii) विद्यालय में बैडमिंटन के प्रशिक्षण की सुविधा प्रारंभ करवाने के लिए अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए।

**Q 3** निम्नालिखित गदयांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **[10]**

एक बहुत पहँचे हुए महात्मा थे। वे किसी से भीख नहीं माँगते, टोपी सिलकर अपनी गुजर बसर करते। एक टोपी की कीमत सिर्फ दो पैसे लेते। इनमें से जो जाताक पहले मिलता, उसे एक पैसा दे देते। बचे हुए एक पैसे से पेट भरते। इस प्रकार जब तक दोनो पैसो का सदुप्रयोग नहीं हो जाता ,तब तक नई टोपी नहीं सिलते। भजन ही करते रहते।

इनका एक धनी शिष्य था जिसने दान के लिए कुछ रकम निकाल रखी थी। उसने एक दिन पूछा–"गुरूदेव मैं किसको दान करूँ!" महात्मा ने कहा – "जिसे सुपात्र समझो ,उसी को दान करो"। शिष्य ने रास्ते में एक गरीब अंधे को देखा और उसे सुपात्र समझकर एक सोने की मोहर दी थी, दूसरे दिन उसी रास्ते पर शिष्य फिर निकला। पहले दिन वाला अंधा एक दूसरे से की रहा था कि कल एक आदमी ने मुझको एक सोने की मोहर दी थी मैंने उससे खूब शराब पी। शिष्य को यह सुनकर बड़ा खेद हुआ। उसने महात्मा के पास आकर सारा हाल कहा। महात्मा एसके हाथ में एक पैसा देकर बोले – "जा,जो सबसे पहले मिले उसी को पैसा दे देना।" यह पैसा टोपी सिलकर कमाया हुआ था।

शिष्य पैसा लेकर निकला। उसे एक मनुष्य मिला, उसने उसे पैसा दे दिया और उसके पीछे– पीछे चलना शुरू कर दिया। वह मनुष्य एक निर्जन स्थान पर गया और अपने कपड़ो मे छिपाए हुए एक मरे हुए पक्षी को निकालकर फेक दिया। शिष्य ने उससे पुछा – "तुमने मरे हुए पक्षी को कपड़ों मे क्यों छिपाया था और अब क्यों निकाल कर फेंक दिया?" "उसने कहा" – आज सात दिन से मेरे कुटुंब को अन्न का दाना तक नसीब नहीं हुआ है। किसी के आगे हाथ फैलाना या गिड़गिड़ाना मेरी मर्यादाके विपरीत है। आज इस जगह पक्षी को पड़ा देख मैंने लाचार होकर अपनी और अपने परिवार की भूख मिटाने के लिए पक्षी उठा लिया था और इसे लेकर मैं घर जा रहा था। आपने मुझे बिना मागे ही पैसा दे दिया, इसलिए अब मुझे मरे हुए पक्षी की आवश्यकता नहीं रहीं। अतएव जहाँ से उठाया था, वही लाकर डाल दिया।"

शिष्य उसकी बात सुनकर दंग सा रह गया। उसने महात्मा के पास जाकर सब वृतांत कहा। महात्मा बोले, " इससे स्पष्ट होता है कि अन्यायपूर्वक कमाया गया धन दुराचाार में ही लगता है और न्यायपूर्वक कमाया गया धन ही अच्छे काम में लगता है।"

(i) महात्मा जी ने अपना जीवन कैसे बिताते थे?

(ii) ~~महात्मा जी किससे क्या सलाह ली?~~ महात्मा जी ने उसे क्या सलाह दी?

(iii) अंधो के बीच क्या वार्तालाप चल रही थी? उस वार्तालाप को सुनकर किसे दुख और क्यों?

(iv) शिष्य ने किस मनुष्य का पीछा किया और क्यो? पीछा करते हुए शिष्य कहाँ पहुँचा? और उसने वहाँ क्या देखा?

(v) शिष्य इस मनुष्य की किस बात को सुनकर दंग –सा रह गया?

**Q 4 Answer the following according to the instruction given:** **[8]**

निम्नालिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार बताएँ।

(1) पर्यायवाची बताइए।
निम्नालिखित में से कौन सा शब्द 'पर्वत' का पर्यायवाची है?

(A)धरती(B) मही(C) नगपति(D) अचल

(2) अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द लिखिए। (इतिहास से संबंधित)

Downloaded From www.jipsoboard.org

(A) एतिहासिक(B) इतिहासिक(C)ऐतिहासिक (D) इनमें से कोई नहीं

(3) 'राष्ट्र' का भाववाचक संज्ञा बनाइए।

(A)राष्ट्रवाद(B)राष्ट्रीय (C) राष्ट्रीयता (D) राष्ट्रीयकरण

(4) 'श्रीमान' शब्द का स्त्रीलिंग रूप क्या होगा?

(A) श्रीमत(B) मती (C) श्रीमती (D)इनमें से कोई नहीं

(5)कारक चिह्न बताइए। ( दादा जी ने बच्चों को मिठाइयाँ दी)

(A)कारण(B) संप्रदान (C) संबंध(D) कर्म

(6)वाक्य में रेखाकिंत शब्द सर्वनाम का कौन –सा भेद हैं?

यहखरगोश तेज भागता है।

(A) परिमाणवाचक (B) गुणवाचक (C) संखयावाचक(D) सार्वनामिक

(7)क्रिया का काल बताइए।(खिलाड़ी मैदान में आ चुके है।)

(A) भविष्यत काल (B) भूतकाल (C) वर्तमान काल ;D) अन्य

(8)मुहावरे का अर्थ लिखिए (हाथ–पाँव फूलना )

(A) हाथ–पाँव में दर्द होना(B) बीमार होना(C) बलशाली होनाD) घबरा जाना

## SECTION B(Attempt four questions from this Section)

**Q 5Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow-**

निम्नालिखित गदयांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–

पत्नी की मृत्यु के बाद विश्वेश्वर अन्यमनस्क रहा करते थे । " अच्छा मँगा दूंगा , " कहकर वो उदास भाव से कही और चले गए ।

(i) विश्वेश्वर कौन है ? उसका संक्षिप्त परिचय दीजिए। **[2]**

(ii) विश्वेश्वर किससे क्या मँगा देने की बात कह रहे थे ? **[2]**

(iii)क्या आपकी दृष्टि में विश्वेश्वर एक अच्छे पिता थे यदि नही तो क्यों ? **[3]**

(iv) कहानी के आधर पर बाल मनोविज्ञान का वर्णन कीजिए ।**[3]**

**Q 6 Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow-**

निम्नालिखित गदयांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–

उन दिनों एक प्रथा प्रचलित थी। यज्ञ के फल का कय –विकय हुआ करता था।
(महायज्ञ का पुरस्कार –यशपाल)

(i) कय –विकय शब्द का अर्थ लिखें। [2]

(ii) यज्ञों के कय–विकय का क्या आशय है? [2]

(iii) सेठ जी यज्ञ बेचने कहाँ गये थे और क्यों? [3]

(iv)सेठनी द्वारा अपना यज्ञ बेचने का सुझाव दिये जाने पर सेठ की क्या प्रतिकिया हुई?

**Q 7 Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow-**

निम्नालिखित गदयांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–

मै जब से संसार को जानने लगा , तभी से गृहहीन था।मेरा संदूक और ये थोड़ा सा सामान , जो मेरे उत्तराधिकार का अंश था। अपनी पीठ पर लादे हुए घुमता हुं । (संदेह– जयशंकर प्रसाद)

(i) वक्ता कौन है? परिचय दीजिए । [2]

(ii) उपर्युक्त पंक्तियां वक्ता ने किस संदर्भ में कही ? [2]

(iii) वक्ता के उन्नतिशील विचारों का उसके जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा ?

Downloaded From www.icseboard.org

(iv) 'संदेह कहानी का उद्देश्य लिखिए । [3]

**Q 8 Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow-**
निम्नालिखित पदयांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–

धर्मराज यह भूमि किसी की, नहीं कित है दासी,
है जन्मता समान परस्पर, इसके सभी निवासी।
सबको मुक्त प्रकाश चाहिए, सबको मुक्त समीरण,
बाधा रहित विकास, मुक्त आशंकाओं से जीवन।

('स्वर्ग बना सकते है रामधारी सिंह दिनकर')

(i) यह कविता किसने किसको सुनाई है? [2]
(ii) कवि ने मुक्त प्रकाश और मुक्त समीरण की इच्छा किसके लिए प्रकट की है? [2]
(iii) कवि ने मातृभममि के बारे में क्या कहा है? [3]
(iv) इस धरती पर शांति लाने के लिए क्या आवश्यक है? [3]

**Q 9 Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow-**
निम्नालिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–

सात समंद की मसि करौं, लेखनी सब बनराय।
सब धरती कागद करौं, हरि गुण लिख न जाय।।

('साखी – कबीरदास ')

(i) 'सात समंद' कहकर कवि क्या स्पष्ट करना चाहते हैं? [2]
(ii) निन्नालिखित शब्दों के अर्थ लिखे: [2]
मसि, बनराय, कागद, लेखनी।
(iii) 'हरि गुण लिखा ना जाए', कबीर ने ऐसा क्यों कहा? [3]
(iv) कबीर दास जी का संक्षिप्त परिचय लिखें। [3]

**Q 10 Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow-**
निम्नालिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–

कुछ साथ में चलत रहे
कुछ बीच ही से फिर गए
पर गति न जीवन की रूकी
जो गिर गए सो गिर गए चलत रहे हर दम,
उसी की सफलता अभिराम है,
चलना हमारा काम है

[चलना हमारा काम है–शिव मंगल सुमन]

(i) राह में साथ चलने वाले राहियों के विषय में कवि ने क्या बताया है? **[2]**

(ii)किसको सफलता अभिराम होती है? **[2]**

(iii) जीवन चक्र के विषय मे कवि क्या कहना चाहते है? **[3]**

(iv) कवि ने निरन्तर चलते रहने के लिए क्यों कहा है? निरन्तर चलते रहने से क्या होगा? **[3]**

Downloaded From www.icseboard.org